Center for Teacher Education

Central institute of higher tibetan studies,

Sarnath, Varanasi

विषय- दिनांक 29/05/2020 को Center For Teacher Education द्वारा आयोजित एक दिवसीय वेबिनार ”वर्तमान समय में शिक्षा की चुनौतियां एवं समाधान” विषय का प्रतिवेदन।

विश्वविद्यालय जब तक केवल डिग्रियां बाटने के लिए बनेंगे तब-तक समाज में अहम बदलाव नहीं हो सकता है।जिस दिन देश के शिक्षा संस्थान छात्र-छात्राओं को एक अच्छे मनुष्य बनने का मौलिक ज्ञान देने लगेंगे उस दिन एक सभ्य समाज की स्थापना होगी।यह शिक्षा और विश्वविद्यालयों के लिए बड़ी चुनौती है।

MHRD मंत्रालय के PMMMNMTT स्कीम के तहत, Center For Teacher Education,के.उ.ति.शि.सं, सारनाथ वाराणसी,द्वारा दिनांक 29/05/2020 को आयोजित एक दिवसीय वेबिनार “वर्तमान समय में शिक्षा की चुनौतियां एवं समाधान” का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. समीर कुमार पाठक (एसोसिएट प्रोफेसर, डीएवी पीजी कालेज, वाराणसी संबद्ध बीएचयू) थे।

इस एकदिवसीय वेविनार का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति समझ और मौलिक ज्ञान के प्रति जागरूकता विकसित करना था। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्रों सहित कुल 21 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटी के निदेशक डॉ.हिमांशु पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सीटीई विभाग के डॉ सुशील कुमार सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी) ने किया।उक्त कार्यक्रम की खबर कई अखबारों ने प्रकाशित की थी।